जाग: 16-01-24

# हवन कर अंधविश्वास का त्याग करने का लिया संकल्प

**जासं, नारनौलः** मकर संक्रांति के अवसर पर संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र ने एक शांतिपूर्ण हवन का आयोजन किया। इस हवन में प्राचार्य डा. आरएन यादव, कप्तान जगराम आर्य, विनोद आर्य, डा. कृष्ण आर्या, शकुंतला, सुमन संस्था के छात्र व स्टाफ की उपस्थिति रही।



डा. आरएन यादव

डा. कृष्ण आर्या, शकुंतला व सुमन ने स्टाफ के साथ मिलकर स्कूल और कालेज के छात्रों के बीच रेवड़ी मूंगफली और कापी पेंसिल वितरित की। डा. आरएन यादव ने अंधविश्वास के विषय पर जागरूकता बढ़ाते हुए अपने अनुभवों को साझा किया और बताया कि लोग कैसे अंधविश्वास के प्रभाव में आकर अपने जीवन को कष्ट में और दुख में डाल लेते हैं।

# हवन में आहुति डालकर अंधविश्वास का त्याग और जागरूकता का लिया संकल्प



**नारनौल |** संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र में हवन का आयोजन किया। इसमें कप्तान जगराम आर्य, प्राचार्य डॉ. आरएन यादव, विनोद आर्य, डॉ. कृष्ण आर्या, शकुंतला, सुमन व संस्था के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने आहुति अर्पित कर अंधविश्वास का त्याग और जागरूकता का संकल्प लिया।

भास्कर 16-01-2024

जागरण 04-02-2024

# संस्कार निर्माण कार्यशाला के माध्यम से किया गया जागरूक



संतोष मेमोरियल रिहेबिलिटेशन रिसर्च सेंटर के प्रांगण में विचार व्यक्त करते हुए • जागरण

**जागरण संवाददाता, नारनौल:** संतोष मेमोरियल रिहेबिलिटेशन रिसर्च सेंटर नारनौल के प्रांगण में शनिवार को संस्कार निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्बोधन डा. राम निवास यादव ने अपने विचारों के द्वारा किया और उन्होंने शिक्षार्थी जीवन में संस्कारों के महत्व को महत्वपूर्ण बताया और कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सरदार बलदेव सिंह चहल व कप्तान विनोद आर्य का स्वागत व अभिनंदन किया। जिसमें आए हुए अतिथियों ने बताया कि आध्यात्मिक ज्ञान का हमारे भौतिक जीवन में बहुत बड़ा योगदान है। जिससे मनुष्य को सुख शांति का अनुभव होता है, इसलिए प्रत्येक शिक्षार्थी को शिक्षा के साथ-साथ अपने जीवन में संस्कार को भी धारण करना चाहिए। जिससे उनके व्यक्तित्व व नैतिक मूल्य का विकास हो सके। तथा इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी नैतिक मूल्यों के प्रति अपने अनुभव को साझा किया व अतिथियों ने नैतिक भजन के माध्यम से छात्रों को लाभांवित किया। अंत में कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संतोष मेमोरियल रिहेबिलिटेशन रिसर्च सेंटर के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण 10-04-2024

# रिहैबिलिटेशन रिसर्च प्रांगण में नव वर्ष कार्यक्रम आयोजित



नव वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डा. आरएन यादव।

**जागरण संवाददाता, नारनौल :** मंगलवार को संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन रिसर्च सेंटर नसीबपुर के प्रांगण में हिंदू नव वर्ष का पर्व मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य डा. आरएन यादव ने अपने विचारों द्वारा ऐतिहासिक भौगोलिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक पहलुओं पर गहनता से प्रकाश डाला। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को और संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन रिसर्च सेंटर के समस्त शिक्षक गण को नव वर्ष व नवरात्रि के प्रथम दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने भारतीय संस्कृति को जागृत रखने के लिए प्रेरित किया। और कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में संस्था की प्रवक्ता गोदावरी द्वारा मधुर गायन के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# पर्यावरण शिक्षा संस्कृति एवं संस्कार निर्माण में डॉ. रामनिवास ने दिया रचनात्मक योगदान




भास्कर न्यूज | नारनौल

पर्यावरण क्षेत्र में शोध कार्य के लिए राष्ट्रपति से सम्मानित एवं संतोष मेमोरियल पुनर्वास केंद्र के निदेशक डॉ. रामनिवास यादव को हरियाणा गौरव सम्मान मिला है। स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम रोहतक में फाउंडेशन की तरफ से स्वामी आर्यवेश की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। उन्हें यह सम्मान पर्यावरण शिक्षा संस्कृति एवं संस्कार निर्माण में रचनात्मक योगदान के लिए दिया गया है। डॉ. रामनिवास यादव पिछले 45 वर्षों से शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उनकी तरफ से अब तक विभिन्न आयोजनों के माध्यम से 5 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं।

भास्कर 14-04-2024

# चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर हुआ कार्यक्रम

**जागरण संवाददाता, नारनौल :** मंगलवार को संतोष मेमोरियल रिहेबिलिटेशन रिसर्च सेंटर के प्रांगण में संस्था के निदेशक डा. आरएन यादव के दिशा निर्देश में चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के आध्यात्मिक गुरु कैप्टन जगराम आर्य व अतिथि के रूप में विनोद आर्य जेपी कौशिक (सेवा निवृत प्राचार्य) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के डा. आरएन यादव ने छात्र-छात्राओं के समक्ष साझा किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में भारतीय नागरिकता के गुण धारण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आए हुए अतिथियों द्वारा भी चंद्रशेखर आजाद के जीवन परिचय के अद्भुत अनुभव को साझा करते हुए बच्चों के समक्ष एक भजन के माध्यम से उनकी वीरता की कहानी पर प्रकाश डाला।

जागरण 28/02/24.

जाग 6-05-24

# दीक्षा समारोह में विशेष शिक्षकों को दी गईं डिग्रियां



संतोष मेमोरियल दिव्यांग पुनर्वास एवं रिसर्च संस्थान में आयोजित दीक्षा समारोह में डिग्रियां वितरित करते अतिथिगण • सौ. प्रवक्ता।

**जागरण संवाददाता, नारनौल:** संतोष मेमोरियल दिव्यांग पुनर्वास एवं रिसर्च संस्थान नसीबपुर में दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक के सत्र में पास हुए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इसमें स्पेशल बीएड एवं स्पेशल (विशेष) डिप्लोमा शिक्षा के छात्रों ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के सेवानिवृत उपनिदेशक डा. अमीलाल यादव की उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान कर शुभ आशीष दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को समाज की प्रगति के लिए पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कालेज के प्राचार्य डा. आरएन यादव ने कहा कि आप सभी देश के भविष्य निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी है। बतौर एक शिक्षक आपका आचरण, ज्ञान सभी पर समाज को दिशा देती हैं। कार्यक्रम के उपरांत सभी विद्यार्थियों व शिक्षक ने भोजन किया। संस्था के लगभग 80 प्रतिशत छात्र सरकारी विभाग में शिक्षक पद पर नियुक्त हुए हैं और जिन विद्यार्थी अभी नौकरी में नहीं है उनको भी संस्था ने नौकरी पाने में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में संतोष मेमोरियल पुनर्वास व रिसर्च सेंटर के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन कर सभी को शुभकामना दी।

भास्कर 06-05-2024

## वार्षिकोत्सव एवं दीक्षांत समारोह


# एसएमआरआरसी में की गई 37 विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित

नारनौल | संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन रिसर्च सेंटर (एसएमआरआरसी) नसीबपुर नारनौल में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था से वर्ष 2018 से 2023 तक के सत्र में पास हुए 37 छात्र छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीक्षा, स्नेहा , शालू काव्या ने स्वागत समूह नृत्य से किया गया। स्पेशल बी.एड. एवं स्पेशल ( विशेष) डिप्लोमा शिक्षा के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा डॉ. अमीलाल यादव ने विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। उन्होंने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को समाज की प्रगति के लिए पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आर एन यादव ने कहा कि आप सभी देश के भविष्य निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी है। बतौर एक शिक्षक आपका आचरण, ज्ञान सभी पर समाज को दिशा देती है। उन्होंने बताया कि संस्था के लगभग 80 प्रतिशत छात्र सरकारी शिक्षक पद पर नियुक्त हुए हैं और जिन विद्यार्थियों को अभी नौकरी नहीं मिली है उनको भी संस्था की ओर से नौकरी पाने में सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन रिसर्च सेंटर नारनौल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

06-06-2024 भास्कर

# पर्यावरण स्वच्छता के लिए पौधरोपण जरूरी: यादव



**नारनौल|** संतोष मेमोरियल पुनर्वास एवं शोध केंद्र में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कैंपस में पौधरोपण कर की गई। प्राचार्य डॉ. आरएन यादव ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पौधरोपण स्वच्छ पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह प्राकृतिक उपाय है जो हमें जल, वायु, और धरती की सुरक्षा में मदद करता है। पौधरोपण से न केवल हमारे वातावरण का सुधार होता है, बल्कि पर्यावरण में संतुलन भी बना रहता है। कार्यक्रम में बीएड, डीएड विशेष शिक्षा के प्रशिक्षुओं द्वारा भाषण के माध्यम से पर्यावरण स्वच्छता पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक से हीरा सिंह ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया।

जाग. 19/06/2024

www.jagran.com

# दिव्यांग छात्रा की शादी के लिए संस्था का सहयोग

**जागरण संवाददाता, नारनौल :** संतोष मेमोरियल पुनर्वास एवं शोध केंद्र के द्वारा संचालित विशेष विद्यालय की दिव्यांग छात्रा शिवानी के विवाह में सहयोग प्रदान की पहल संस्था के निर्देशक डा. मुकेश गुप्ता एवं संस्था के प्राचार्य डा. आरएन. यादव द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्था एक दिव्यांग बच्चे की शादी के लिए बारातियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी ली है। इस जिम्मेदारी को लेकर सभी गर्व महसूस करते हैं। यह सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसी परिस्थितियों में परिवारों के सामने आने वाली वित्तीय चुनौतियों को समझते हुए, हमारे कालेज एवं स्कूल टीम ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया है। इस विशेष अवसर को गरिमा और खुशी के साथ मनाया जाए।

यह पहल समान अवसरों में हमारे विश्वास और समुदाय के सदस्यों का समर्थन करने के लिए हमारे समर्पण को दर्शाती है। उनकी सहायता प्रदान करके, संतोष मेमोरियल पुनर्वास एवं शोध केंद्र नारनौल का उद्देश्य परिवारों पर बोझ को कम करना और जहां भी संभव हो। एक समावेशी समाज बनाने की दिशा में सकारात्मक योगदान देना है। इससे दूसरों को सहयोग करने की प्रेरणा मिलेगा।

जागरण - 20-6-2024

# कालेजों में लगाई गई सेनेटरी पैड मशीन

जागरण संवाददाता, नारनौल: उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास समिति की अध्यक्षा मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में राजकीय महाविद्यालयों व दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में पढ़ने वाली छात्राओं के सहायतार्थ भारतीय रेडक्रास हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के सहयोग से सेनेटरी पैड नैपकिन बनाने वाली छह मशीन उपलब्ध करवाई गई है। यह मशीन जिला रेडक्रास की ओर से जीऐल राजकीय कालेज कनीना, चौधरी बैजनाथ राजकीय महिला कालेज नांगल चौधरी, शहीद मेजर सतीश दहिया कालेज नांगल चौधरी एसएम पुनर्वास केंद्र नसीबपुर व राजकीय कालेज छिलरों में वितरित की गई है।

इस मौके पर रेडक्रास से डा. एसपी सिंह ने बताया कि छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति सजगता रखते हुए रेडक्रास द्वारा समय-समय पर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में सेनेटरी पैड नैपकिन मशीन, फर्स्ट ऐड बाक्स इत्यादि उपलब्ध करवाए जाते रहते हैं। इसी कड़ी में बुधवार को यह छह मशीने वितरित की गई है। यह मशीन ईको फ्रेंडली हैं और इनका उपयोग सुगम है। इस अवसर पर रेडक्रास से सुभाष गुप्ता, राजकुमार, शैक्षणिक संस्थानों से डा. कविता, राजेश कुमार, रमन यादव मौजूद थे।



कालेज में सेनेटरी पैड बनाने वाली मशीन उपलब्ध करवाते डा. एसपी सिंह • डीपीआरओ

दैनिक जागरण 20-06-2024

दैनिक जागरण

22-06-2024

# दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ मनाया गया योग दिवस



संतोष मेमोरियल पुनर्वास एवं शोध केंद्र में योग शिविर में भाग लेते हुए ● सौ. प्रवक्ता

**नारनौल:** संतोष मेमोरियल पुनर्वास एवं शोध केंद्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों को उजागर करना था, तथा कालेज समुदाय के बीच समग्र कल्याण को बढ़ावा देना था। निदेशक डा. आरएन यादव ने सभा को संबोधित करते हुए शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक चपलता और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कालेज एवं स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# योगाभ्यास से मिलती है शारीरिक तंदुरुस्ती



**नारनौल |** संतोष मेमोरियल पुनर्वास एवं शोध केंद्र में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं व संकाय सदस्यों ने विभिन्न योग आसनों और श्वास अभ्यास किए। प्राचार्य डॉ. आरएन यादव ने योग शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक चपलता और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

दैनिक भास्कर 22/6/24

जागरण 11/07/2024

# जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे



दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में पौधरोपण करते प्राचार्य डा. आरएन यादव व जेपी कौशिक।

जागरण संवाददाता, नारनौलः जिले भर में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। श्री संतोष मेमोरियल दिव्यांग पुनर्वास एवं कल्याण संस्था के संस्थापक मुकेश गुप्ता व डा. कुसुम गुप्ता के मार्गदर्शन में बुधवार को "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के प्राचार्य एवं मशहूर पर्यावरणविद डा. आरएन यादव व मुख्य अतिथि एवं शिक्षाविद जेपी कौशिक के द्वारा पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर पूरे देश में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान की शुरुआत की गई है। संस्था के प्राचार्य डा. आरएन यादव ने संदेश दिया कि पौधों की देखरेख भी वैसे ही करें जैसे आप अपनी मां की देखरेख करते हैं। उन्होंने समाज में जन-जन की भागीदारी एवं योगदान से पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में विचार रखे। पौधारोपण में संस्था के समस्त स्टाफ ने अपनी भागीदारी निभाई।

## 'अनमोल रिश्ता मां का, उसके नाम से लगाएं एक पेड़'

**नारनौल:** एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा तथा इससे बच्चों और शिक्षकों को शामिल करने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौधारोपण हो सकेगा। उक्त विचार पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गु की प्राचार्या कैलाश यादव ने विद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण करते हुए छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए वक्त किए। इस अवसर पर नांगल दर्गु के सरपंच पूरणमल, बखरीजा गांव के सरपंच मनोज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर नांगल दर्गु के सरपंच पूरणमल, बखरीजा के सरपंच मनोज कुमार व विद्यालय स्टाफ के सभी सदस्यों, छात्र-छात्राओं ने सैकड़ों पौधे लगाए।



राजकीय पशु औषधालय बुचावास परिसर में पौधारोपण करते इंचार्ज व अन्य ● सौ. प्रवक्ता।

## राजकीय पशु औषधालय में किया पौधारोपण

**महेंद्रगढ़:** राजकीय पशु औषधालय बुचावास में बुधवार को एक पौधा अपनी मां के नाम सभी को लगाना है कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण किया किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए इंचार्ज वीएलडीए शेर सिंह ने संयुक्त रूप ने बताया कि बुधवार को राजकीय पशु औषधालय बुचावास के परिसर में पौधारोपण किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस मौके पर साहिल छाबड़ा सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## एक पौधा मां के नाम लगाकर एसडीएम ने की पौधारोपण की शुरुआत

**कनीना:** कनीना नगर पालिका परिसर के पास एक पौधा मां के नाम पर एसडीएम कनीना सुरेंद्र सिंह के हाथों से लगवाकर पौधारोपण की शुरुआत की गई। इस मौके पर विभिन्न कर्मचारी ने 100 विभिन्न छायादार और फलदार पौधे लगाए जिनमें पापड़ी, आंवला, करेला, नींबू, बरगद आदि प्रमुख है। एसडीएम कनीना ने कहा कि आज के दिन प्रदूषण बढ़ रहा है। प्रदूषण को कम करने का एकमात्र जरिया पौधारोपण है।



पौधारोपण करते हुए एसडीएम कनीना ● सौ. प्रवक्ता।

जा०गा० 11/07/2024.

दैनिक भास्कर 11-7-2024

# नसीबपुर पुनर्वास केंद्र में मां के नाम लगाए पौधे



**नारनौल** | संतोष मैमोरियल अनुसंधान एवं पुनर्वास केंद्र नसीबपुर में बुधवार को एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। संस्था प्राचार्य डॉ. आरएन यादव व मुख्य अतिथि एवं शिक्षाविद जेपी कौशिक ने पौधा लगाकर इस अभियान का शुभारंभ किया तथा संदेश दिया कि पौधों की देखरेख भी वैसे ही करें जैसे आप अपनी मां की देखरेख करते हैं। तभी एक पौधा मां के नाम अभियान की सार्थकता सिद्ध होगी। मुख्य अतिथि ने समाज में जन-जन की भागीदारी एवं योगदान से पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में विचार रखें। इसके बाद स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने परिसर में पौधे रोपे।

जागरण 27.7.24.

# कारगिल विजय दिवस

## स्कूल व कालेजों में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बलिद

जागरण संवाददाता, नारनौल: कारगिल विजय दिवस पर जिले भर में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं व सामाजिक संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर बलिदानियों के शौर्य को नमन किया। इस मौके पर संतोष मेमोरियल रिहेबिलिटेशन रिसर्च सेंटर के कालेज परिसर में संस्था के प्राचार्य डा. आरएन यादव के मार्गदर्शन में कारगिल विजय दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं से कहा कि कारगिल में बलिदानियों के साहसिकता और बलिदान ने देश को गर्वित किया है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारे सशक्त वीर सैनिक न केवल अपने जीवन का बलिदान देते हैं, बल्कि हमारे देश की रक्षा के लिए हर पल तैयार रहते हैं।

हरियाणा वीरों की धरा है और इस धरा के आभूषण पेड़ पौधे हैं :

# रिहेबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर में शिक्षा क्षेत्र में प्रगति और नवीनता पर की चर्चा

**भास्कर न्यूज | नारनौल**

संतोष मेमोरियल रिहेबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर ने शिक्षा क्षेत्र में नए दिशा निर्देश और प्रगति को बढ़ावा देने के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव शामिल हुए। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नए पहलुओं और योजनाओं पर चर्चा की। इन्दिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर रेवाड़ी के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव, रिटायर्ड कमिशनर राजकुमार मक्कड़, एसपी हिसार दीपक शर्मा, हरियाणा जेल सर्विस से संजय बांगर, रोटेरियन व समाज सेवी प्रवीण सांघी, भारतीय पुनर्वास केंद्र पूर्व सचिव सुबोध कुमार और प्राचार्य सिरतार, डॉ. एडी पासवान ने अपने अनुभव साझा किए।

चेयरमैन मुकेश गुप्ता ने शिक्षा में समावेश, समर्थन और समर्पण के मुद्दों पर चर्चा की। संस्था चेयरपर्सन डॉ. कुसुम गुप्ता ने सम्मेलन को एक सशक्त शिक्षा समुदाय की स्थापना करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया उन्होंने दिव्यांगजन के अधिकारों पर उनके लाभ से संबंधित सरकारी स्कीम की जानकारी साझा की।

# कार्यशाला में विद्यार्थियों को दी जानकारी




कार्यशाला में जानकारी देते वक्ता • सौ. संस्था जाग. 01-08.2024

**जागरण संवाददाता, नारनौल** : संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन रिसर्च सेंटर नारनौल के कालेज परिसर में संस्था के निदेशक डा. मुकेश गुप्ता और चेयरपर्सन डा. कुसुम गुप्ता के मार्गदर्शन में संस्कार निर्माण कार्यशाला के अंतर्गत बलिदानी उधम सिंह की शहादत दिवस का आयोजन किया गया। जहां अतिथि के रूप में भूतपूर्व जिला बाल विकास अधिकारी नारनौल विपिन शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्बोधन अतिथि के स्वागत से प्राचार्य डा. आरएन ने किया। उन्होंने कहा की बलिदानी उधम सिंह की शहादत दिवस हर साल 31 जुलाई को देश में खास तौर पर पंजाब और हरियाणा में मनाया जाता है। विपिन शर्मा ने कहा कि प्राचार्य द्वारा कालेज में नैतिक विकास पर विस्तृत व्याख्यान आयोजित करना एक अद्वितीय अनुभव है। इस व्याख्यान में छात्रों को नैतिक मूल्यों, धर्म, समाज सेवा और सही दिशा में अपने कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया।

दैनिक जागरण 17.08.2024

ढासा धाम में ध्वजारोहण करते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता



दिव्यांग बच्चों के साथ स्वतंत्रता समारोह मनाते एडिशनल सेशन जज • सौजन्य. प्रवक्ता

जागरण · 15-09-2024

# हिंदी को संजोना और बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी

## जिले में हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित, भाषा के प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

जागरण संवाददाता, नारनौलः शनिवार को जिले भर में हिंदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में हिंदी के अधिक से अधिक प्रसार और प्रचार पर जोर दिया गया। हिंदी हमारी मातृ भाषा है। संतोष मेमोरियल दिव्यांग पुनर्वास केंद्र प्रांगण में हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डा. आरएन यादव ने हिंदी दिवस पर अपने अनुभव साझा करते हुए हिंदी विषय के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने हिंदी को एकता और विविधता की भाषा बताते हुए सभी को हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान है और इसे संजोना और बढ़ावा देना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए उन्होंने सभी छात्र -छात्राओं एवं समस्त शिक्षक गण को शपथ ग्रहण कराया। इस अवसर पर हिंदी साहित्य और भाषा के महत्व को उजागर करने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें कविता पाठ, कहानी सुनाना और हिंदी भाषण प्रतियोगिता शामिल थीं। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में शिक्षक हीरा ने सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।



संतोष मेमोरियल दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित वक्ता • प्रवक्ता


राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में हिंदी भाषा के के बारे में बताती हुई सुशीला • सौजन्य. प्रवक्ता

**अटेली में हिंदी विभाग की तरफ से राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया : मंडी अटेली** : राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में हिंदी विभाग की तरफ से राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया। इस मौके पर हिंदी विभाग द्वारा 'हिंदी भाषा हमारा गौरव विषय पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण यादव द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्या ने बताया कि हिंदी हमारी संस्कृति एवं समृद्धि का प्रतीक है। यह देश के स्वतंत्रता संग्राम की भी मुख्य भाषा रही है। मंच संचालन करते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष सुशीला ने कहा कि हिंदी को सिर्फ भाषा नहीं कहा जा सकता है। यह हमारी संस्कृति का हिस्सा है। यह हम भारतवासियों को एक-दूसरे से जोडने का काम करती है। यह हमारी पहचान का मजबूत आधार है। 14 सितंबर 1949 में देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा घोषित किया गया था। इसके बाद हिंदी का महत्व बढ़ाने और इसे हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए 1953 से हर साल देशभर में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाने लगा। इसके अलावा 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस सेलिब्रेट किया जाता है। इस मौके पर प्रो प्रियंका, प्रो. सुनीता, डा. सुनील कुमारी के अलावा इत्यादि स्टाफ उपस्थित था।

**देश को एकता के सूत्र में पिरोती है हिंदी भाषा : नांगल चौधरी** : शनिवार को शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविधालय में हिन्दी विभाग के तत्वाधान में 'हिंदी दिवस' महाविधालय प्राचार्य डा अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा एवं मातृभाषा है। हर वर्ष आज ही के दिन देशभर में हिंदी दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का फैसला लिया था। यह भाषा हमारे देश को एकता के सूत्र में बांधती है। विश्व में सबसे ज्यादा बोली जानी वाली भाषाओं में दूसरे स्थान पर है। डा. अशोक यादव ने बताया कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक एकता और धरोहर को समझने में मदद करती है। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता क आयोजन किया गया। इसमें निकित बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान पलक बीए सेकंड वर्ष ने द्विती स्थान एवं मोहित बीए प्रथम वर्ष तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डा. सुनीता कुमारी एवं विने कुमारी भी उपस्थित रही।

प्रेस विज्ञप्ति

**जुनून फेस्ट 2024: बिट्स पिलानी में संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन रिसर्च सेंटर विशेष विद्यालय के दिव्यांग छात्र - छात्राओं ने चमक बिखेरी और जीता गोल्ड मेडल**

प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के शानदार प्रदर्शन में,संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन रिसर्च सेंटर विशेष विद्यालय के दिव्यांग छात्र - छात्राओं ने बिट्स पिलानी में आयोजित जुनून फेस्ट में भाग लिया। इस कार्यक्रम को इसकी समावेशिता और सकारात्मक साझेदारी के लिए मनाया जाता है, इसमें विभिन्न राज्यों के विशेष विद्यालयों से आए हुए विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों का बिट्स पिलानी में विभिन्न प्रकार की खेलों और गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें हमारे छात्रों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गर्व का विषय यह है कि


जिसमें पदक विजेता:

-स्वर्ण पदक: रवि (श्रवण बाधित - HI) और वंश (बौद्धिक विकलांगता - ID)

रजत पदक: [नितिन ,नवीन, अर्पिता, आर्यन (श्रवण बाधित) ,पीयूष ,आर्यन,आशीष, अंकित ] ने सफलता हासिल किया।

ये उपलब्धियाँ हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ जुनून फेस्ट द्वारा सहायक समावेशित वातावरण का प्रमाण हैं। यह प्रदर्शन न केवल उनके कौशल को उजागर करते हैं बल्कि उनकी दृढ़ता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं।

सभी प्रतिभागियों और पदक विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए संस्था के चेयर मैन डॉ मुकेश जी गुप्ता एवं चेयरपर्सन डॉ. कुसुम जी गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. आर एन यादव जी ने बधाई दी की हम इन दिव्यांग बच्चों के निरंतर सफलता और भविष्य की उपलब्धियों की आशा करते हैं इस उपलब्धि में विशेष विद्यालय के विशेष शिक्षक शिक्षिकाएं एवं प्रिंसिपल अनिता मैम का योगदान सर्वपरी था।



भास्कर 18-09-2024

# जुनून फेस्ट में दिव्यांग विद्यार्थियों ने जीते 10 पदक



**नारनौल |** दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए बिट्स पिलानी द्वारा आयोजित जुनून फेस्ट 2024 में संतोष मेमोरियल सेंटर के खिलाड़ियों ने 2 गोल्ड सहित 10 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। कार्यक्रम विशेष विद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों की समावेशित और सकारात्मक साझेदारी के लिए खेल और विभिन्न प्रकार की अन्य गतिविधियां के साथ मनाया जाता है। इसमें हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के विशेष विद्यालयों के विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया था। प्राचार्य डॉ. रामनिवास यादव ने बताया कि श्रवण आधि रवि और बौद्धिक विकलांगता ग्रस्त वंश ने गोल्ड मेडल जीता। श्रवण बाधित नितिन, नवीन, अर्पिता, आर्यन, पीयूष,आर्यन, आशीष, अंकित ने अपने अपने वर्ग में रजत पदक जीते। सभी प्रतिभागियों और पदक विजेताओं को संस्था के चेयरमैन डॉ. मुकेश गुप्ता व चेयरपर्सन डॉ. कुसुम गुप्ता ने बधाई दी।

...किशोरी के ... शुरुआत और स्वस्थ वातावरण बनाएं।

जागरण 19-9-24

# जुनून फेस्ट में दिव्यांग खिलाड़ियों ने राजस्थान में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जागरण संवाददाता, नारनौलः** बिट्स पिलानी में संपन्न हुए जुनून फेस्ट 2024 में संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन रिसर्च सेंटर विशेष विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने चमक बिखेरी और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन रिसर्च सेंटर विशेष विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने बिट्स पिलानी में आयोजित जुनून फेस्ट में भाग लिया। इस कार्यक्रम को इसकी समावेशिता और सकारात्मक साझेदारी के लिए मनाया जाता है, इसमें विभिन्न राज्यों के विशेष विद्यालयों से आए हुए विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों का बिट्स पिलानी में विभिन्न प्रकार की खेलों और गतिविधियों का आयोजन किया गया।. इसमें छात्रों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**ये हैं पदक विजेताः** रवि (श्रवण बाधित - एचआइ) और वंश (बौद्धिक विकलांगता -आइडी) को स्वर्ण पदक। नितिन, नवीन, अर्पिता, आर्यन (श्रवण बाधित), पीयूष, आर्यन, आशीष, अंकित रजत पदक जीता। ये उपलब्धियां हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ जुनून फेस्ट द्वारा सहायक समावेशित वातावरण का प्रमाण हैं। यह प्रदर्शन न केवल उनके कौशल को उजागर करते हैं बल्कि दृढ़ता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं। सभी ने प्रतिभागियों को बधाई दी।

# संतोष मेमोरियल अनुसंधान केंद्र को सशक्तीकरण पुरस्कार



दिल्ली के हंसराज कालेज में संतोष मेमोरियल पुनर्वास और अनुसंधान केंद्र के प्राचार्य डा. आरएन यादव को सम्मानित करते हुए (बाएं से पहले) ● सौ. प्रवक्ता

**जागरण संवाददाता, नारनौल:** दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कालेज में "विजन दिव्यांग फाउंडेशन" और "समान अवसर प्रकोष्ठ" के संयुक्त प्रयास से "दिव्यांगजन के लिए शिक्षा में अवसर और चुनौतियां" विषय पर एक दिवसीय सीआरई कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नारनौल स्थित संतोष मेमोरियल पुनर्वास और अनुसंधान केंद्र को दिव्यांगजनों के शैक्षणिक और सामाजिक सशक्तिकरण में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. बलराम पाणि, डीन, दिल्ली विश्वविद्यालय, द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर हंसराज कालेज की प्राचार्या प्रो. (डा.) रमा, डीईपीडब्ल्यूडी के निदेशक डा. विनीत सिंघल और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। संतोष मेमोरियल पुनर्वास और अनुसंधान केंद्र के प्राचार्य डा. आर एन यादव ने बताया कि यह संस्था 2016 से नारनौल, हरियाणा में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत है। उन्होंने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पुरस्कार संस्था के निरंतर प्रयास और समर्पण का प्रमाण है। कार्यक्रम का समापन "दिल्ली 18 प्वाइंट दिव्यांगजन घोषणा" के साथ हुआ। इसमें 18 महत्वपूर्ण बिंदुओं की घोषणा की गई, जिसे सभी संबंधित सरकारी विभागों को भेजा जाएगा।

(दैनिक जागरण 19/10/2024)

दैनिक भास्कर 15.11.2024

# अटेली महिला कॉलेज की छात्रा आरती और संगीता की टीम प्रथम



भास्कर न्यूज | नारनौल

बाल दिवस पर संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन केंद्र में संस्था चेयरमैन मुकेश गुप्ता व चेयरपर्सन डॉ. कुसुम गुप्ता के आतिथ्य में क्विज का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, इतिहास, भूगोल, विज्ञान, साहित्य और खेलकूद जैसे विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आर.एन. यादव ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के सामान्य ज्ञान, विज्ञान, और विशेष शिक्षा के प्रति उनकी रुचि को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में महिला महाविद्यालय अटेली की छात्रा आरती और संगीता की टीम ने प्रथम, द्वितीय स्थान संतोष सेंटर की अनीशा और प्रिया की टीम व तृतीय स्थान पर गवर्नमेंट कॉलेज अटेली के छात्र अग्निवेश और जितेंद्र की टीम रही। महेंद्रगढ़ के वूमेन गवर्नमेंट कॉलेज से नेहा और नेहा बाई और संतोष मेमोरियल से महेश और जितेंद्र की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में हेमलता, प्राचार्य डॉ. आरएन यादव, श्वेता शामिल रही।

# संस्कार निर्माण कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला के दौरान लोगों को संबोधित करते अतिथि • जागरण

**जागरण संवाददाता, नारनौल :** संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन एवं पुनर्वास केंद्र में मंगलवार को "संस्कार निर्माण कार्यशाला" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्पेशल डिप्लोमा और स्पेशल बीएड पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों ने भी भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में आध्यात्मिक गुरु कप्तान जगराम आर्य, रिटायर्ड प्राचार्य जेपी कौशिक एवं संस्था के प्राचार्य डाक्टर आरएन यादव उपस्थित रहे। इसका उद्देश्य समाज में संस्कारों के महत्व को उजागर करना और वैदिक संस्कृति से जोड़ना था। इस अवसर पर कप्तान जगराम आर्य ने वैदिक परंपरा में वर्णित 16 संस्कारों पर विस्तार से चर्चा की। आध्यात्मिक गुरु कप्तान जगराम आर्य ने कहा कि संस्कार जीवन की आधारशिला हैं। यह व्यक्ति को नैतिकता और आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। रिटायर्ड प्राचार्य जेपी कौशिक ने कहा, "संस्कार हमारी पहचान और संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। इनका पालन कर हम न केवल समाज, बल्कि राष्ट्र को भी सशक्त बना सकते हैं।

दैनिक जागरण 20.11.2024

# संस्कार व्यक्ति को नैतिकता और आदर्शों के मार्ग पर चलने की देते हैं प्रेरणा: जगराम आर्य



**नारनौल |** संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन केंद्र में मंगलवार को संस्कार निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कप्तान जगराम आर्य ने स्पेशल डिप्लोमा और स्पेशल बीएड पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों को संस्कारों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वैदिक परंपरा में वर्णित 16 संस्कारों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि संस्कार जीवन की आधारशिला हैं। ये व्यक्ति को नैतिकता, अनुशासन एवं आदर्श के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। शिष्ट अतिथि सेनि. प्राचार्य जेपी कौशिक ने कहा संस्कार हमारी पहचान और संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। इनका पालन कर हम न केवल समाज, बल्कि राष्ट्र को भी सशक्त बना सकते हैं। संस्था प्राचार्य डॉ. आरएन यादव ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन से जुड़ते हुए संस्कारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि दयानंद ने अपने जीवन में संस्कारों का पालन करते हुए समाज को एक नई दिशा दी। संस्कार न केवल व्यक्तिगत विकास में सहायक हैं, बल्कि ये राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार भी हैं। संस्था की ओर से श्वेता ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।

→ दैनिक भास्कर 20.11.2024

दैनिक भास्कर
नारनौल भास्कर 04-12-2024



**जानें शहर की संस्थाओं को** | स्पेशल एज्युकेशन में डिप्लोमा के साथ बीएड करा आत्मनिर्भर बना रहे

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सशक्तीकरण की राह पर ले जा रही है संतोष मेमोरियल संस्था

भास्कर न्यूज | नारनौल

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को, संबल की बेहद जरूरत है ताकि वह भी एक सामान्य जीवन की तरफ बढ़ सके। इसके लिए शहर के सेक्टर-1 में स्थित संतोष मेमोरियल दिव्यांग जन पुनर्वास केंद्र संस्था ऐसे बच्चों को सशक्तीकरण की राह पर लेकर जा रही है और 8 साल में यह संस्था कई विशेष बच्चों को विभिन्न माध्यमों से अवसर उपलब्ध करवाकर समाज की मुख्य धारा में ला चुकी है। फिलहाल केंद्र में 50 से अधिक बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

वर्ष 2016 में शहर के नसीबपुर में प्रारंभ हुई इस संस्था को अब जाकर अपना सेक्टर-1 में अपना भवन मिला है जिसके माध्यम से अधिक बच्चों को इस दिशा में मजबूत किया जा रहा है। यहां पर बच्चों को न केवल चिकित्सीय परामर्श, फिजियोथैरेपी, व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ विशेष शिक्षा से आत्मनिर्भर बनाकर उनमें कौशल विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। पढ़ने-लिखने में सक्षम बच्चों को एनआईओएस बोर्ड के तहत विशेष शिक्षा कार्यक्रमों के जरिए मुख्य धारा में जोड़ा जाता है। संस्थान में प्रशिक्षित विशेष शिक्षक और डिप्लोमा व बीएड इन स्पेशल एजुकेशन कर रहे प्रशिक्षु बच्चों को शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। फिलहाल स्पेशल एजुकेशन में चार कोर्स चल रहे हैं, जिसमें 400 विद्यार्थी विशेष शिक्षक का प्रशिक्षण प्राप्त करके दिव्यंगता पुनर्वास में योगदान दे रहे हैं। संस्था ने सामाजिक व सरकारी संस्थाओं के साथ भी एमओयू भी किया है।



कार्यक्रम में भाग लेते विशेष आवश्यक वाले बच्चों की फाइल फोटो।

## विशेष शिक्षा से बच्चों में कौशल का किया जा रहा है विकास

संस्था चार तरह की दिव्यांगता वाले बच्चों के पुनर्वास पर काम कर रही है। इनमें मूक एवं बधिर, दृष्टि बाधित, सीखने एवं समझने की क्षमता कम व विविध दिव्यांगता से ग्रसित बच्चे शामिल हैं। इनकी पहचान के लिए केंद्र का स्टाफ स्वयं फील्ड में जाता है और गांव की आंगनबाड़ी वर्कर्स व सरपंच के सहयोग से ऐसे बच्चों का पता लगाते हैं। चेयरमैन मुकेश गुप्ता और प्राचार्य डॉ. रामनिवास यादव ने बताया कि इस उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्था को इंदिरा गांधी मुक्त विवि, भास्कराचार्य कॉलेज, संस्कृति विश्वविद्यालय व भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली में गत वर्ष आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगों के उत्थान व विकास के 'दिव्यांगजन सशक्तीकरण अवॉर्ड' भी मिल चुका है। उन्होंने बताया कि बच्चों को डिप्लोमा एवं स्पेशल एजुकेशन में भी इन बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए 22 ट्रेनरों का स्टाफ है।

# दिव्यांग बच्चों के लिए नई वैन का लोकार्पण

जागरण संवाददाता, नारनौलः संतोष मेमोरियल रिहेबिलिटेशन रिसर्च सेंटर में दिव्यांग बच्चों के लिए एक नई वैन का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगराधीश मनजीत कुमार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट के प्रबंधक, डा.कुसुम गुप्ता , प्राचार्य डा. आर एन यादव, प्रवीण सांघी, एवं स्टाफ और स्थानीय समुदाय के लोग भी उपस्थित थे।



वैन को हरी झंडी दिखाते नगराधीश मनजीत सिंह • सौ. प्रवक्ता

नई वैन का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को बेहतर चिकित्सा थेरेपी, विशेष शिक्षा और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए उन्हें विशेष विद्यालय तक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है। इस वेन में विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं जैसे रैंप, आरामदायक सीटें और अन्य जरूरी उपकरण दिए गए हैं, ताकि वे अपनी दैनिक गतिविधियों में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करें।

नगराधीश ने कहा, "यह पहल समाज के सबसे कमजोर वर्ग, दिव्यांग बच्चों के जीवन को सरल और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संतोष मेमोरियल रिहेबिलिटेशन रिसर्च सेंटर द्वारा की गई यह पहल बहुत सराहनीय है। सेंटर के निदेशक मुकेश गुप्ता ने कहा कि सेंटर की मुख्य प्राथमिकता हमेशा दिव्यांग बच्चों की भलाई रही है, और इस नई वेन के जरिए बच्चों को शिक्षा और चिकित्सा थेरेपी तक पहुंचने में अधिक सुविधा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि सेंटर भविष्य में ऐसे और भी प्रयास करेगा, जिससे दिव्यांग बच्चों के जीवन में सुधार हो सके। इस अवसर पर चेयरपर्सन डा. कुसुम गुप्ता ने विशेष विद्यालय में उपस्थित सभी दिव्यांग बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित किए।

डा. कुसुम गुप्ता ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा और भलाई हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के छोटे कदम बच्चों के जीवन को और अधिक आरामदायक और सुरक्षित बनाने में मदद करते हैं।

दैनिक जागरण 15/12/2024